सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 302 | इंदौर, बुधवार 15 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट केस, पेंशन के 4 हजार आवेदन पेंडिंग

## अब ऑफिसों में बैठेंगे अफसर, जिन गांवों में पानी की किल्लत, वहां पहुंचेंगे टैंकर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव की वजह से भोपाल में 2 महीने के अंदर 4 हजार से ज्यादा आवेदन पेंडिंग हो गए। ये आवेदन CM हेल्पलाइन, कोर्ट केस, पेंशन, पानी, राशन कार्ड समेत आम लोगों से जुड़ी समस्याओं के हैं। वोटिंग से फुर्सत पाते ही अब इन आवेदनों को निपटाने पर जोर है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया, SDM, तहसीलदार समेत अन्य अफसर ऑफिसों में बैठेंगे और समस्याओं को दूर करेंगे।

16 मार्च से लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई थी। 7 मई को वोटिंग हुई। चुनाव में बड़े नेताओं के रोड शो, सभाएं और दौरे, नॉमिनेशन प्रोसेस, वोटिंग के लिए ट्रेनिंग समेत अन्य कार्यों की वजह से अफसर व्यस्त रहे। यही कारण है कि पेंडिंग केस बढ़ते गए। इधर, कलेक्टोरेट में जनसुनवाई भी बंद हो गई। इस कारण भी लोग अपनी समस्याएं अफसरों को नहीं बता पाए। हालांकि, अभी आचार संहिता खत्म नहीं हुई है, लेकिन कलेक्टर सिंह ने सभी अफसरों को आचार संहिता के दायरे में रहकर पेंडिंग केस और समस्याओं को दूर करने को कहा है। इसके लिए अफसरों की मीटिंग भी हो चुकी है।




### आखिरी 6 दिन गेहूं खरीदी पर जोर

भोपाल में 20 मई तक गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी हो सकेगी। 14 मई तक 21 हजार 631 किसानों से 20 लाख 2569 क्विंटल टन गेहूं खरीदा जा चुका है। मंगलवार को 1512.80 क्विंटल गेहूं खरीदा गया। आखिरी 6 दिन में गेहूं खरीदी पर जोर है।

### इन कामों को निपटाने पर जोर

1. सीएम हेल्पलाइन के तहत भोपाल में डेढ़ हजार से ज्यादा शिकायतें लंबित है। इनमें लेवल-1 पर ही 1 हजार शिकायतें हैं।
2. महापौर हेल्पलाइन में मेयर सुनवाई तो नहीं कर सकती, लेकिन दर्ज शिकायतों का निराकरण अमला जरूर कर सकता है। अभी महापौर हेल्पलाइन में 1500 शिकायतें पेंडिंग हैं। चुनाव की आचार संहिता के चलते अभी इसका नाम निगम कॉल सेंटर है।
3. जिले में 222 ग्राम पंचायतें हैं। कई गांव ऐसे हैं, जहां पानी की समस्या है। जिन गांवों में ज्यादा समस्या है, वहां पानी के टैंकर भेजे जाएंगे। इसके लिए पीएचई को काम करने को कहा गया है। बंद पड़े ट्यूबवेल भी सुधारे जाएंगे।
4. समग्र आईडी, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पात्रता पर्ची, उज्जवला योजना, जनधन खाता जैसे कई कामों को लेकर भी लोग भटक रहे हैं। इन्हें भी निपटाया जाएगा।
5. पेंशन प्रकरणों में भुगतान की स्थिति, राजस्व वसूली, गेहूं खरीदी, खाद-बीज के अग्रिम भंडारण पर भी अफसर फोकस रखेंगे।

### कोर्ट केस में भी एक्टिव होंगे अफसर

एसडीएम-तहसील कोर्ट में भी कई केस पेंडिंग हैं। ये नामांकन, सीमांकन, बंटाकन आदि से जुड़े हैं। अफसरों के चुनाव में व्यस्त होने से वे सुनवाई नहीं कर सके। इन केस को निपटाने के लिए अफसर निर्धारित समय पर अपनी कोर्ट में बैठेंगे। ताकि, उनका निपटारा किया जा सके।

---

मामला नगर निगम में हुए करोड़ों रुपए के घोटाले का...

# राठौर पर और कसा शिकंजा

## अब इनकम टैक्स रिटर्न की जांच रही पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम में हुए करोड़ों रुपए ड्रेनेज घोटाले के आरोपी अभय राठौर से पूछताछ जारी है। राठौर की संपत्ति, इनकम टैक्स रिटर्न और बैंक खातों का विश्लेषण चल रहा है। उधर घोटाले में लिप्त तीन आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट पेश कर जेल भेज दिया है।**

59 वर्षीय निलंबित एक्जीक्यूटिव इंजीनियर अभय राठौर को पुलिस ने 15 मई तक पुलिस रिमांड पर लिया है। अभय द्वारा फर्जीवाड़ा करना स्वीकार लिया है। उसने कुछ कर्मचारियों के नाम बताए है जो शासकीय फाइलें उपलब्ध करवाते थे।

जोन-3 के डीसीपी पंकज पांडे के मुताबिक राठौर के खिलाफ आर्थिक अपराध ब्यूरो, लोकायुक्त में भी शिकायतें हो चुकी है। पुलिस उसकी संपत्ति की जांच के साथ साथ इनकम टैक्स रिटर्न का रिकार्ड जांच रही है ताकि घोटाले की जांच से लिंक जोड़ी जा सके। उधर पुलिस ने आरोपित राहुल बढ़ेरा,राजकुमार सालवी और मोहम्मद जाकीर को कोर्ट पेश कर जेल भेज दिया।

# सेना जैसी ड्रेस में नज़र आएगा इंदौर निगम का अमला

## अफसर बोले, रिमूवल कार्रवाई में आएगी विवादों में कमी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर नगर निगम ने रिमूवल अमले के लिए सेना के कमांडो जैसी वर्दी वाला ड्रेस कोड लागू किया है। रिमूवल अमला फील्ड में अतिक्रमण हटाने का काम करता है, इस दौरान विवाद की स्थिति निर्मित होती है। निगम कर्मचारी सामान्य ड्रेस में होते हैं तो कुछ नागरिक हाथापाई, अपशब्द का प्रयोग करने लगते हैं। ड्रेस को लागू होने से ऐसी स्थिति से बचा जा सकेगा। निगम कर्मचारी भी अभद्रता नहीं कर सकेंगे। वहीं इंदौर नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा का कहना है कि यातायात सुधार, अतिक्रमण साहित अन्य कार्रवाई के दौरान विवाद होते हैं। ड्रेस कोड होने से इससे बचा जा सकेगा। इससे पहले ग्वालियर निगम द्वारा रिमूवल अमले को चार साल पहले आर्मी की तरह दिखने वाली डांगरी को वर्दी के रूप में अपनाया गया था।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां का निधन, दिल्ली में ली अंतिम सांस, कल अंतिम संस्कार

**भोपाल**। ग्वालियर राजघराने की राजमाता और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे



सिंधिया का बुधवार सुबह निधन हो गया। वह 70 वर्ष की थीं। माधवी राजे लंबे समय से बीमार चल रही थी। 15 फरवरी को उन्हें एम्स में भर्ती किया गया था और तब से ही उनकी तबियत खराब चल रही थी।

दिल्ली के एम्स से जुड़े सूत्रों ने कहा कि माधवी राजे ने सुबह 9:28 बजे अंतिम सांस ली। पिछले कुछ दिन से वह वेंटिलेटर पर थीं और जिंदगी के लिए संघर्ष कर रही थीं। उन्हें 15 फरवरी को एम्स में भर्ती किया गया था। उन्हें सेप्सिस के साथ निमोनिया भी हो गया था। ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना-शिवपुरी संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी हैं, जहां सात मई को मतदान हुआ था।

# शुद्ध वायु की हकीकत खोलती तस्वीरें... स्वच्छता के बाद अब पर्यावरण से भी ध्यान हटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में अब वायु शुद्धता के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। जनप्रतिनिधि, प्रशासन और सभी जिम्मेदार इन दिनों शहर को बेहतर पर्यावरण देने का दावा कर रहे हैं। हालांकि दावों के उलट जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आती है। स्वच्छता के दृश्य भी अब कम नजर आते हैं और जगह जगह गंदगी पसरी नजर आती है। वहीं दूसरी तरफ जगह जगह लोग खुले में कचरा जलाते नजर आते हैं। कई क्षेत्रों में को कचरे को जलाने की वजह से घंटों तक वायु प्रदूषण दिखाई पड़ता है। आसपास के रहवासी भी इससे परेशान नजर आते हैं।



दिनभर जलता रहता है कचरा

ये शहर का गंगा बगीची का क्षेत्र है। यहां पर लोग गंदगी में रहने को मजबूर हैं। यहां आसपास से कई नाले निकलते हैं और इस गंदगी के बीच में ही रहने को मजबूर हैं। यहां आसपास के क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में कचरा लाया जाता है और बाहर ही फेंक दिया जाता है। जब यह कचरा बहुत अधिक इकट्ठा हो जाता है तो आसपास के लोग इसे जला देते हैं।

नौ महीने पहले ही इंदौर ने स्वच्छता में एक और उपलब्धि हासिल कर ली थी। शहर की हवा भी देश में सबसे साफ आई थी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2023 में इंदौर को पहले स्थान पर रखा था। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में इंदौर ने 200 में से 187 अंक हासिल किए थे। हालांकि इन दृश्यों को देखते हुए मुश्किल ही लगता है कि इंदौर यह मुकाम हासिल कर पाएगा।



जहां देखो कचरा नजर आता है

ठीक इसी तरह आईटीआई रोड के आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों कचरे के ढेर नजर आ रहे हैं। यहां पर कई सरकारी दफ्तर भी बने हैं। इन दफ्तरों की इमारतों के आसपास भी कचरा पड़ा दिखाई देता है। आसपास के लोगों का कहना है कि निगम में कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई भी साफ सफाई करने के लिए नहीं आता है। यहीं पर रहने वाले विजय वर्मा ने बताया कि कचरे की वजह से दूर दूर तक बदबू आती है। अभी बारिश होने पर तो और भी परेशानी बढ़ जाएगी। हम कई बार पार्षद को भी बोल चुके हैं पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

## इंदौर में पिछली बार से 8% कम वोटिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में लोकसभा चुनाव की वोटिंग खत्म होने के बाद वोटिंग प्रतिशत का आंकड़ा दस साल पुराने रिकॉर्ड में जा खड़ा हुआ। मंगलवार को निर्वाचन आयोग की तरफ से अधिकारिक वोट प्रतिशत जारी किया गया। इसके अनुसार इंदौर में 61.67 परसेंट वोटिंग हुई। यह पिछली बार की तुलना में करीब 8 परसेंट कम रहा है। इस बार के आंकड़े को देखें तो यह दस साल पुराने 2014 वाले आंकड़े पर लौटने जैसा है। जबकि भाजपा और प्रशासन ने वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूरा जोर लगा दिया था। जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में देर रात 3.30 बजे देपालपुर का आखरी स्ट्रांग रूम सील किया गया। सबसे पहले विधानसभा 3 का स्ट्रांग रूम रात 2.30 बजे सील किया गया था कम वोटिंग होने के पीछे मतदान के अंतिम एक घंटे में अचानक बारिश का होना भी मना जा रहा है। दोपहर बाद से तेज धूप के कारण मतदाताओं ने घर से निकलने में परहेज किया और शाम होने का इंतजार करते रहे, लेकिन शाम 4 बजे से आंधी और अचानक बारिश ने खेल बिगाड़ दिया। पहली बार कांग्रेस की गैरमौजूदगी के कारण भाजपा के पोलिंग एजेंट हर बूथ पर हैं। जबकि विपक्ष या अन्य प्रत्याशियों की टेबलें गिने-चुने बूथों के बाहर ही है। सोमवार सुबह 7 बजे से ही मतदान हो रहा है।

## सामूहिक विवाह के मौके पर सम्मान किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कोरी समाज सामूहिक विवाह समिति नंदानगर द्वारा मंगलवार को आयोजित 5 जोड़ों के सामूहिक विवाह के मौके पर सम्मान समारोह भी हुआ। इस अवसर पर अ.भा. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष, नेताजी सुभाष मंच एवं श्री वासुदेव चन्द्रवंशी यादव समाज के साथ-साथ विभिन्न समाजों में सेवा कार्य करने के लिए मदन परमालिया को कोरी समाज द्वारा सर्व समाज सेवक रत्न से सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष जे.पी. टिकरिया ने बताया कि समाजसेवी बालक दास धुरेयाजबलपुर के वरिष्ठ समाजसेवी इंजि. एसएल कोरी, भोपाल के वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश पंथी (कल्लू भैया) को कोरी रत्न से सम्मानित किया गया।

## सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को दी बधाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। इंदौर संभाग के सभी जिलों में निर्बाध और शांतिपूर्ण रूप से मतदान संपन्न हुआ। संभागायुक्त दीपक सिंह ने इसके लिए इंदौर संभाग के सभी जिला कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक सहित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को उनकी कर्तव्य परायणता की सराहना करते हुए बधाई दी। संभागायुक्त दीपक सिंह ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान में सहयोग करने वाले सभी जन प्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संगठनों, नागरिकों और मीडिया को भी धन्यवाद ज्ञापित किया है।

कटाक्ष




## एक नंबर विधानसभा क्षेत्र में 60 प्रतिशत मतदान हुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तीन चरणों में हुई कम वोटिंग के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भोपाल आकर यह चेतावनी दी थी कि जिन मंत्रियों के क्षेत्रों में कम वोटिंग होगी, उनके मंत्री पद जाएंगे। जिन विधायकों के क्षेत्रों में अच्छी वोटिंग होगी, उन्हें मंत्री बनाया जाएगा। इस चेतावनी का असर यह रहा कि कई विधायकों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। मालवा निमाड़ में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और आधा दर्जन मंत्रियों की प्रतिष्ठां दाव पर थी।

सोमवार को हुई वोटिंग में सबसे आगे उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा रहे। उनके मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 78 प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्यमंत्री मोहन यादव की उज्जैन दक्षिण सीट पर 66.50 मतदान हुआ, जबकि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के एक नंबर विधानसभा क्षेत्र में 60 प्रतिशत मतदान हुआ। वे क्षेत्र क्रमांक दो में निवास करते है। वहां मतदान प्रतिशत 58.12 प्रतिशत रहा। विधानसभा चुनाव में दो नंबर क्षेत्र में भाजपा विधायक रमेश मेंदोला ने तीन राज्यों में सर्वाधिक वोटों (1.07 लाख) वोटों की लीड का रिकार्ड बनाया था। मंत्री तुलसी सिलावट के सांवेर विधानसभा क्षेत्र में 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के यह आंकड़े निर्वाचन आयोग द्वार सोमवार रात 9 बजे जारी किए गए है। इनमें आंशिक बदलाव भी हो सकता है। रतलाम झाबुआ सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया के सामने वन मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनिता चौहान चुनाव लड़ रही थी। मंत्री नागर सिंह आलीराजपुर क्षेत्र के विधायक है। उनके क्षेत्र में 68.66 प्रतिशत मतदान रहा, जो इस सीट के दूसरे दो मंत्रियों की तुलना में कम रहा। पेटलावद सीट से मंत्री निर्मला भूरिया चुनाव जीती है, वहां 72.65 वोटिंग हुई, जबकि रतलाम सीट से मंत्री चैतन्य कश्यप के क्षेत्र में 71.33 प्रतिशत मतदान हुआ। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी राऊ क्षेत्र के निवासी है। इस क्षेत्र में 60.46 प्रतिशत वोटिंग हुई। जबकि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के गंधवानी क्षेत्र में 70.27 प्रतिशत वोटिंग हुई है।



# अवंती शास्त्र कला अभियान शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अब हर महिला मजदूर नहीं मजबूत बनेगी इसी कड़ी में संस्था आनंद अवंती द्वारा शस्त्र कला अभियान इंदौर के अनूप टॉकीज के डुप्लेक्स ग्राउंड में 1 मई से 1 जून तक के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। इस अभियान के लिए पांच वर्ष की उम्र से लेकर 55 वर्ष तक की महिलाओं का निःशुल्क पंजीयन किया गया है। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इसमें प्रतिदिन प्रशिक्षण देकर शस्त्र कला के गुण बताए जा रहे हैं। संस्था की संयोजिका पलक आनंद नरवरिया ने बताया गया कि 1 मई से 1 जून तक 1 महीने का निशुल्क शिविर लगाया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में तलवार, दंड एवं पटा कला का 5 वर्ष से लेकर 55 वर्ष की बालिका और महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवंती शस्त्र कला अभियान का प्रशिक्षण कीर्ति जरिया एवं नरेश सोलंकी द्वारा दिया जा रहा है। संस्था की संस्थापक का कहना है कि इस कार्यशाला

# इंदौर-महू के बीच 31 मई तक बंद रहेगा ट्रेन संचालन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **रतलाम मंडल के राऊ-महू रेलखंड के दोहरीकरण के चलते 16 से 31 मई तक इंदौर-महू रेलखंड पर ट्रेन संचालन नहीं होगा। इस दौरान इंदौर-महू के बीच चलने वाली डेमू और पैसेंजर ट्रेन का संचालन बंद रहेगा।**

वहीं महू से चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन इंदौर, लक्ष्मीबाई नगर और उज्जैन से किया जाएगा। दरअसल 31 मई को इस रेलखंड का रेलवे सुरक्षा आयोग के अफसर निरीक्षण करेंगे। ताकि दूसरी लाइन पर भी ट्रेनों का संचालन शुरू हो सके।

## रेल लाईन का काम शुरू

जानकारी के अनुसार गत वर्ष मार्च माह में राऊ-महू के 9.5 किमी के रेलखंड पर दूसरी रेललाइन डालने का काम शुरू हुआ था। जिसमें महू की ओर करीब 400 मीटर रेल लाइन डलना बाकि है। 15 मई की रात 12 बजे इंदौर-महू रेलखंड को बंद कर दिया जाएगा। इन 15 दिनों में महू स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग का काम किया जाएगा।

इसमें अतिरिक्त लाइन को हटाना, सिग्नलिंग, नए लाइन को जोड़ना आदि काम किए जाएंगे। इस दौरान इंदौर-महू के बीच चलने वाली दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेन और चार जोड़ी डेमू ट्रेन का संचालन पूरी तरह से बंद रहेगा।

वहीं मालवा एक्सप्रेस, इंदौर-भोपाल-इंदौर इंटरसिटी, कामाख्या एक्सप्रेस, यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेन और नागपुर एक्सप्रेस का संचालन इंदौर रेलवे स्टेशन से किया जाएगा। इसके साथ ही महू से रतलाम और रतलाम से महू के बीच चलने वाली सभी डेमू ट्रेनों का संचालन इंदौर रेलवे स्टेशन से किया जाएगा।

प्रयागराज एक्सप्रेस और पटना स्पेशल का संचालन लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन से किया जाएगा। इंदौर-बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस और महू-रीवा-महू एक्सप्रेस का संचालन उज्जैन से किया जाएगा।

# एमवाय अस्पताल में आई ब्लड क्रास मेचिंग मशीन

### एक साथ हो सकेगी 90 ब्लड ग्रुप की जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश में अधिकांश मामलों में भी अब इंदौर नंबर वन बनता जा रहा है। एमवाय अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में मध्य प्रदेश की पहली इमिनो हेमेटोलाजी सिस्टम मशीन आ चुकी है। जिसमें अब एक साथ 90 ब्लड ग्रुपों की जांच और मेचिंग हो सकेगी।

इससे मरीजों के समय की बचत के साथ ही एक्यूरेसी भी रहेगी। इस मशीन की मांग ब्लड बैंक द्वारा लंबे समय से की जा रही है। बता दें कि फुली आटोमेटिक ब्लड ग्रुपिंग और क्रास मेचिंग मशीन सिस्टम की कीमत 50 लाख रुपये हैं, जिसे प्रदेश सरकार द्वारा भेजी गई है।

अभी ब्लड मैचिंग एक-एक मरीजों की करना पड़ती है। जिसके कारण अधिक समय लग जाता है। बता दें कि अस्पताल में रोजाना करीब 150 यूनिट ब्लड की ग्रुप की जांच होती है। वर्तमान में मशीन के इंस्टालेशन का कार्य लगभग पूरा हो गया है। जल्दी ही मरीजों की सुविधा के लिए यह शुरू हो जाएगी।

बता दें कि मशीन के आ जाने से अब मरीजों को खून देने से पहले इसकी दोहरी जांच होगी। इस जांच से मरीज में खून चढ़ाने के बाद किसी प्रकार के रिएक्शन का खतरा काफी कम हो जाएगा।

# मुंबई से रात को आने वाली उड़ानें सुबह इंदौर पहुंचीं

### मुंबई में मौसम बिगाड़ने से 20 से ज्यादा उड़ानें लेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मुंबई में मौसम बिगड़ने से इंदौर आने जाने वाली कई फ्लाइट घंटों लेट हैं। मुंबई से सोमवार रात को इंदौर आने वाली दो उड़ानें मंगलवार सुबह पहुंचीं। बताया जा रहा है की 20 से ज्यादा उड़ानें तय समय से कई घंटे लेट है, जिससे सैकड़ों यात्री कल शाम से आज सुबह तक परेशान होते रहे। एयरपोर्ट प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार मुंबई में तेज हवाएं चलने के कारण मुंबई से सीधे इंदौर आने वाली और मुंबई से अन्य शहरों तक जाकर इंदौर आने वाली उड़ानें प्रभावित हुईं।

मुंबई पहुंची कई उड़ानों को उतरने की अनुमति न मिलने पर उन्हें अन्य शहरों के लिए डायवर्ट भी किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सबसे ज्यादा लेट सोमवार रात 11 बजे मुंबई से आने वाली उड़ान रही, जो मंगलवार तड़के 3.40 बजे इंदौर पहुंची। वहीं पुणे से सोमवार रात 2.50 बजे आने वाली उड़ान मंगलवार सुबह 7 बजे इंदौर पहुंची। मुंबई से सोमवार शाम 6.05 बजे आने वाली उड़ान भी इसी दिन रात 10.05 बजे इंदौर आई। वहीं मुंबई से रात 7.55 बजे आने वाली उड़ान रात 10 बजे इंदौर आई। दिल्ली से रात 9.55 बजे आने वाली फ्लाइट रात 11.40 बजे इंदौर आई। हैदराबाद से रात 10.25 बजे आने वाली फ्लाइट रात 2.50 बजे इंदौर आई।

उड़ानों में देरी से आने से जाने वाली उड़ानें भी लेट रहीं। इनमें प्रमुख उड़ानों की बात करें तो सबसे ज्यादा लेट रात 11.05 बजे मुंबई जाने वाली उड़ान तड़के 3.45 बजे रवाना हुई और 11.55 बजे पुणे जाने वाली उड़ान मंगलवार सुबह 4.30 बजे रवाना हुई।

# चना, मसूर और तुवर के दाम उछले सोया तेल में 10 रुपए की गिरावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। वैवाहिक सीजन नहीं होने के कारण सराफा बाजार में कारोबार बेहद कमजोर बना हुआ है। ऊंचे दामों की वजह से गहनों की एडवांस बुकिंग भी प्रभावित हो रही है। इससे सोने की कीमतें धीमी गति से टूट रही हैं। मंगलवार को इंदौर में सोना केडबरी आंशिक घटकर 72000 रुपए प्रति दस ग्राम रह गया, जो सोमवार को प्राइवेट कारोबार में 72100 रुपए बिका था। चांदी में कोई विशेष परिवर्तन नहीं रहा। मंगलवार को चांदी चौरसा 82300 रुपए प्रति किलो पर स्थित रही।

इधर, सरकार द्वारा दाल-दलहन के बढ़ते दामों को रोकने के लिए लगातार प्रयासरत है। हाल ही में केंद्र सरकार ने चने की कीमतों में आ रही तेजी को नियंत्रित करने के लिए आयात को शुल्क मुक्त करने का फैसला किया था। लेकिन इससे इसके भाव घटने की बजाय बढ़ते ही जा रहे हैं। सरकारी फैसले का बाजार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। घरेलू बाजार में चने के भाव 300 रुपए क्विंटल तक उछल चुके हैं। जानिए इंदौर में मंगलवार को अन्य बाजार में क्या रहे भाव...!

## अनाज मंडी

**चना** : चना का आयात शुल्क मुक्त होने के बाद घरेलू बाजार में इसके भाव 300 रुपए क्विंटल तक उछल चुके है। मंगलवार को इंदौर मंडी में चना कांटा बढ़कर 6500-6550 विशाल 6300-6350 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।

**मसूर** : मसूर के दाम भी धीरे-धीरे बढ़ रहे है। मंगलवार को मसूर भी 50 रुपए बढ़ कर 6100 रुपए तक बोली गई।

**तुवर** : मंगलवार को तुवर में करीब 200 रुपए उछल गए। इसके समर्थन में तुवर दाल के भाव करीब 200 रुपए तक ऊंचे गए।

**डॉलर चना** : कंटेनर में डॉलर चना बढ़कर 40/42 12000, 42/44 11700, 44/46 11400, 58/60 9600, 60/62 9500, 62/64 9400 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया।

**दलहन** : चना कांटा 6500-6550 विशाल 6300-6350 डंकी चना 5600-5800 मसूर 6100 तुवर महाराष्ट्र सफेद 11600-11800 कर्नाटक 11500-12000 निमाड़ी तुवर 9800-11200 मूंग नया गर्मी 8000-8100 एवरेज 7000-7500 उड़द बेस्ट 8800-9200 मीडियम 7000-8000 हलका उड़द 3000-5000।

**गेहूं** : गेहूं मिल क्वालिटी 2450-2500 मालवराज गेहूं 2350-2400 लोकवन 2550-2800 पूर्णा 2575-2600 चंदौसी 3500-5500 रुपए प्रति क्विंटल तक बिक रहा है।

**दालों के दाम** : चना दाल 8250-8350 मीडियम 8450-8550 बेस्ट 8650-8750 मसूर दाल 7050-7150 बेस्ट 7250-7350 मूंग दाल 10100-10200 बेस्ट 10300-10400 मूंग मोगर 11000-11100 बेस्ट 11200-11300 तुवर दाल 14300-14400 मीडियम 15300-15400 बेस्ट 16000-16100 ए. बेस्ट 16900- 17000 व्हाइटरोज तुवर दाल नई 17000 उड़द दाल 11300-11400 बेस्ट 11500-11600 उड़द मोगर 11900-12000 बेस्ट 12100-12200 रु. प्रति क्विंटल के भाव रहे।

## तेल तिलहन मार्केट

**सोया तेल** : इंदौर में सोया तेल में ऊंचे दामों पर ग्राहकी का सपोर्ट नहीं मिलने के कारण कीमतों में पुनः नरमी देखने को मिली है। मंगलवार को सोया तेल इंदौर में 10 रुपए घटकर 920-925 रुपए प्रति दस किलो रह गया।

**मंडी भाव** : मंडी में सरसों निवाड़ी बारीक 5650-5700, एवरेज 5200-5400, रायडा 4800-5000, सोयाबीन 4550 रुपए प्रति क्विंटल के भाव रहे।

**लूज तेल** : (प्रति दस किलो के भाव) तेल इंदौर 1520-1540, मुंबई मूंगफली तेल 1520 इंदौर सोयाबीन तेल रिफाइंड 920-925 इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 875-880 इंदौर पाम 960 मुंबई सोया रिफाइंड 920, सोया डीगम 840 मुंबई पाम तेल 895, राजकोट तेलिया 2390, गुजरात लूज 1500, कपास्या तेल इंदौर 920-925 रुपए प्रति दस किलो के भाव रहे।

**सोयाबीन प्लांट खरीदी भाव** : प्रकाश पीथमपुर 4770 धानुका सोया नीमच 4825 नीमच प्रोटीन 4825 धीरेंद्र सोया नीमच 4835 एमएस साल्वेक्स 4800 सूर्या फूड मंदसौर 4775 हरिओम रिफाइनरी अमृत 4800 अवी एग्रो उज्जैन 4725 बंसल मंडीदीप 4700 बेतूल ऑयल सतना 4860 बेतूल ऑयल 4825 दिव्य ज्योति 4750 केएन एग्री इटारसी 4700 लाभांशी एग्रो टेक 4800 केपी साल्वेक्स निवाड़ी 4780 मित्तल सोया 4800 पतंजलि फूड 4710 प्रेस्टिज 4775 सांवरिया इटारसी 4830 श्री महेश ऑयल रिफाइनरी 47750 सोनिका बायो कैम मंडीदीप 4750 सालासर हरदा 4800 स्नेहिल सोया देवास 4765 वर्धमान साल्वेंट (अंबिका) जावरा 4800 रुपए प्रति क्विंटल के भाव रहे।

**कपास्या खली** : (60 किलो भरती) इंदौर 1840 देवास 1840 उज्जैन 1840, खंडवा 1815, बुरहानपुर 1815, अकोला 2875 रुपए।

## किराना

**शकर** : मंगलवार को इंदौर में शकर घटकर 3950 ऊपर में 3975 रुपए प्रति क्विंटल रह गई। शकर की आवक सात गाड़ी की रही। शकर 3950-3975 गुड करेली कटोरा 3700-3800, लड्डू 3900-4000 गिलास एक किलो 4600-4800 भेली 3500-3600 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।

**हल्दी** : हल्दी निजामाबाद 190 से 200, हल्दी लालगाय 280 रुपए प्रति किलो बोली गई।

**फलाहारी** : रायल रतन सच्चामोती (1 किलो) 7125, रायलरतन सच्चामोती (500 ग्राम) 7185 व लूज 6625, रायल सच्चामोती पोहा एक किलो 5400 व 35 किलो पैकिंग में 4800, सच्चामोती मोरधन (आधा किलो) 10500 सिंघाड़ा छोटा 80-90 बड़ा 105-110 रुपए।

**पूजन सामग्री** : देसी कपूर 550 से 750, ब्रांडेड कपूर 750 से 800, पूजा बादाम 85-90, बेस्ट 155 से 175, पूजा सुपारी 480, अरीठा 130, सिंदूर (25 किलो) 7500 रुपए।

**मसाले** : हल्दी निजामाबाद 190 से 200, हल्दी लालगाय 280, काली मिर्च गारबल 565 से 575 एटम 585 से 590, मटर दाना 625 से 635, जीरा ऊंझा 285 से 290, मीडियम 195 से 315 बेस्ट 315-340 सौंफ मोटी 120 से 150, मीडियम 200 से 220, बेस्ट 280 से 320, बारीक 270-310, लौंग मीडियम 870 से 880, बेस्ट 900-915 दालचीनी 230-250, जायफल 550-575 बेस्ट 600-625, जावित्री 1850-1950, बड़ी इलायची 1500 से 1600 बेस्ट 1650 से 1750

# भोपाल गैस त्रासदी : मॉनिटरिंग कमेटी की रिपोर्ट पेश

## बताया नहीं हुआ अनुशंसाओं का पालन, अगली सुनवाई तीन जुलाई को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर/भोपाल। भोपाल गैस त्रासदी मामले से मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा हाईकोर्ट में त्रैमासिक रिपोर्ट पेश की गयी। मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा पेश की गयी रिपोर्ट में बताया गया कि अस्पताल में नियुक्ति सहित अन्य सिफारिशों का पालन नहीं किया गया है। हाईकोर्ट जस्टिस शील नागू तथा जस्टिस देव नारायण मिश्रा की युगलपीठ ने याचिका पर अगली सुनवाई तीन जुलाई को निर्धारित की है।**



गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने साल 2012 में भोपाल गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन सहित अन्य की ओर से दायर की गई याचिका की सुनवाई करते हुए भोपाल गैस पीड़ितों के उपचार व पुनर्वास के संबंध में 20 निर्देश जारी किये थे। इन बिंदुओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कर मॉनिटरिंग कमेटी का गठित करने के निर्देश भी जारी किये थे। मॉनिटरिंग कमेटी प्रत्येक तीन माह में अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट के समक्ष पेश करने तथा रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश भी जारी किये गये थे, जिसके बाद उक्त याचिका पर हाईकोर्ट द्वारा सुनवाई की जा रही थी। याचिका के लंबित रहने के दौरान मॉनिटरिंग कमेटी की अनुशंसाओं का परिपालन नहीं किये जाने के खिलाफ भी उक्त अवमानना याचिका 2015 में दायर की गयी थी।

युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान सहित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के अमर कुमार सिन्हा तथा विजय कुमार विश्वकर्मा को अवमानना का दोषी करार दिया है। इसके अलावा अन्य अनावेदकों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही के आदेश दिये थे। सरकार की तरफ से उक्त आदेश वापस लेने युगलपीठ के समक्ष आवेदन दायर किया था। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद आवेदन को स्वीकार करते हुए उक्त आदेश को रिकॉल करने के निर्देश जारी किये हैं।

याचिका पर मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान मॉनिटरिंग कमेटी की तरफ से पेश रिपोर्ट में बताया गया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित बिंदुओं पर अनुशंसा के बावजूद परिपालन नहीं किया है। युगलपीठ ने मॉनिटरिंग कमेटी की रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लेते हुए उक्त आदेश जारी किये। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने पैरवी की।

## पुलिस आरक्षक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस लाइन में था तैनात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर की पुलिस लाइन में पदस्थ एक आरक्षक चालक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। मंगलवार सुबह आसपास के लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाया। पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।



जानकारी के अनुसार, पुलिस लाइन स्थित पुलिस हॉस्पिटल के बगल में आरक्षक चालक वीरेंद्र जाटव उम्र 45 साल सरकारी क्वॉर्टर में परिवार के साथ रहते थे। वर्तमान में आरक्षक वीरेंद्र पुलिस लाइन में ही तैनात थे। सोमवार-मंगलवार की रात अज्ञात कारणों के चलते वीरेंद्र ने अपने घर के बाहर गैलरी में फंदा लगा लिया। घर में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा था जो अंदर घर में सो रहे थे।

मंगलवार सुबह आसपास के लोगों ने देखा तो परिवार और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। वहीं, मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच में लिया है। अब तक आत्महत्या का कारण सामने नहीं आ सका है।

# कारोबारी ने खुद को मारी गोली

## सुसाइड नोट में लिखा- कुछ लोग मेरे रुपये नहीं लौटा रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में एक कारोबारी ने खुद को गोली मार ली। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कारोबारी के पास से सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें लिखा है कि कुछ लोग उसके रुपये नहीं लौटा रहे हैं। मामला शिवपुरी लिंक रोड का है। पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।**



दाल व्यापारी और हुंडी दलाल आशीष गुप्ता उर्फ आशु ने अपने दोस्त के होटल नीलश्री के बाहर पिस्टल से खुद को गोली मारी। गोली उसके कंधे पर लगी। होटल मालिक संजय ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। गुप्ता की कार से मिले सुसाइड नोट में लिखा है- अश्वनी जैन ने 2.28 करोड़ जबकि सरमन ने 40 लाख रुपये लिए थे। लौटाने को कहा तो आनाकानी कर रहे हैं। मानसिक प्रताड़ना की वजह से मैं अपनी जान दे रहा हू।

आशीष गुप्ता पर हुंडी दलाली करते हुए 70 करोड़ रुपये के गबन के आरोप लगे थे। शहर के कुछ व्यापारियों ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। उसे जेल जाना पड़ा था। कुछ ही दिन पहले जमानत पर बाहर आया है। करीब ढाई साल पहले आशीष ने हुंडी की फर्जी रसीदें बनाकर व्यापारियों से 34 करोड़ लिए थे। इस रकम से क्रिकेट पर सट्टा खेला था। व्यापारियों को पैसा वापस नहीं मिला तो उन्होंने थाने में एफआईआर कराई। मामले में आशीष और उसके पिता को गिरफ्तार किया गया था। हाईप्रोफाइल केस होने की वजह से सीआईडी को जांच सौंपी गई थी। फिलहाल इसमें शिकायतकर्ता व्यापारियों के बयान लिए जा रहे हैं। एएसपी शियाज केएम ने कहा कि दाल कारोबारी ने खुद को गोली मारी है। घटना संदिग्ध नजर आ रही है। सुसाइड नोट के आधार पर हम मामले की जांच कर रहे हैं।

# मोटरसाइकिल चालक को बचाने के चक्कर में यात्री बस पलटी, एक की मौत, 12 से अधिक यात्री हुए घायल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन से तराना जा रही बाबा ट्रैवल्स की यात्री बस MP-13-10P-1266 आज एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलटी खा गई और मुख्य सड़क से उतरकर एक खेत में पहुंच गई। बस के पलटते ही अफरा तफरी मच गई, जिससे बस में बैठे करीब 25 यात्रियों में से लगभग 12 यात्री घायल हो गए और इस दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। बस में सवार नागझिरी निवासी नर्मदा बाई ने बताया कि बस धीरे ही चल रही थी, लेकिन सामने से आ रहे बाइक वाले को बचाने के चक्कर में बस पलटी खाते हुए बाइक से टकरा गई। जिससे बस में सवार लगभग 12 यात्री घायल हो गए, जबकि बाइक सवार कमल पिता मंगीलाल वर्मा निवासी नहारिया की मौत हो गई। चिमनगंज मंडी थाना पुलिस ने बताया कि घटना में सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं मृतक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए रखवाया गया है।

# पेड़ से टकराया वाहन, हादसे में शिक्षक और उसकी पत्नी की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल।** शहडोल जिले में ब्यौहारी थाना क्षेत्र के अमडीह महादेवा गांव के पास भीषण सड़क हादसा हुआ है। छत्तीसगढ़ से ब्यौहारी की ओर आ रही स्कार्पियो वाहन महादेवा गांव के पास पेड़ से टकरा गई, जिसमें ब्यौहारी के साखी में पदस्थ शिक्षक एवं उनकी पत्नी की मौके पर मौत हो गई है। वहीं, चालक गंभीर घायल हुआ है।

घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अमडीह महादेवा गांव के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक CG-14 एमएल 0514 पेड़ से टकरा गई, जिसमें सवार शिक्षक सुधीर ईक्का उम्र 40 वर्ष एवं उनकी पत्नी फूल जय सिया इक्का उम्र 35 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। वहीं, वाहन चालक आर्यन सिक्का गंभीर घायल हुआ है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी है।

जानकारी लगने के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची है और स्थानीय लोगों की मदद से वाहन चालक आर्यन ईक्का को गंभीर हालत में अस्पताल भेजा गया है। जहां उसका उपचार शुरू हो गया है।जानकारी के अनुसार, सुधीर इक्का छत्तीसगढ़ के जसपुर के रहने वाले थे। वह स्कूल की छुट्टियों में घर गए हुए थे और छुट्टियां खत्म होने के बाद वापस अपने कार्य पर पत्नी के साथ लौट रहे थे, तभी अमडीह महादेवा गांव के पास यह भीषण हादसा हो गया, जिसमें पति-पत्नी की मौत हो गई है। घटना के एक घंटे बीत जाने के बाद भी दोनों शव को वाहन से बाहर नहीं निकाला जा सका था। मौजूद पुलिसकर्मी का कहना है कि वाहन पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया है और दोनों मृतकों के शव वाहन में चिपक गए हैं। कटर मशीन से काट कर ही शव निकाले जाएंगे। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई है। रेस्क्यू टीम पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है।

## संपादकीय


### परीक्षाओं में फिर लड़कियों की कामयाबी

जाहिर है, एक बार फिर लड़कियों ने यह साबित किया है कि यह महज अवसर मिलने की बात है। वे हर मोर्चे पर साबित कर सकती हैं कि एक पुरुष प्रधान समाज में उनकी क्षमताएं कहीं भी लड़कों से कम नहीं हैं। पढ़ाई-लिखाई के तमाम क्षेत्रों में यही देखा गया है कि लड़कियों को जहां भी मौका मिला है, वे लड़कों के मुकाबले अपेक्षया कम संसाधनों में भी बेहतर नतीजे देती हैं। वक्त बदलने के साथ काफी संख्या में माता-पिता अब अपनी बच्चियों की पढ़ाई-लिखाई और उनके बेहतर भविष्य को लेकर सजग हैं और उन्हें प्रोत्साहन देते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में भी लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर होना इस बात का सबूत है। मगर लड़कियों की कामयाबी की यह धमक सार्वजनिक जीवन के अन्य क्षेत्रों में कम दिखती है। सरकार और समाज को इस पहलू पर सजग होना होगा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई के नतीजे इस वर्ष भी उत्साहजनक रहे। इन परिणामों के आंकड़ों के विश्लेषण के साथ-साथ इसके सामाजिक पहलू पर भी चर्चा स्वाभाविक है। पिछले कुछ वर्षों से लगातार चले आ रहे रुख के मुताबिक इस वर्ष भी दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में छात्राओं ने बाजी मारी। हालांकि छात्रों की सफलता का अनुपात भी काफी अच्छा है, मगर आगे होने के जो मानक तय किए गए हैं, उसमें लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। बारहवीं के नतीजों में कुल 87.33 फीसद विद्यार्थी पास हुए। इस बार 91.52 फीसद लड़कियों ने परीक्षा पास की है, जो लड़कों से 6.40 फीसद ज्यादा है। इसी तरह, दसवीं की परीक्षा में भी 94.75 फीसद लड़कियां सफल हुईं, जो लड़कों के मुकाबले 2.04 फीसद अधिक है। इसका एक मतलब यह भी निकलता है कि सामाजिक स्तर पर कई तरह की वंचना और बाधाओं के बीच भी वे खुद को बेहतर साबित कर सकती हैं। यह छिपा नहीं है कि जन्म से लेकर बाद के जीवन तक में पढ़ाई-लिखाई से लेकर हर क्षेत्र में उनके सामने किस-किस तरह की अड़चनें आती रही हैं। लड़कियों के प्रति पूर्वाग्रहों और संकीर्ण सोच वाले परिवार और समाज आमतौर पर उनके प्रति सहयोगात्मक रुख नहीं अख्तियार करते हैं।

**अर्ज किया है..!**

*मौत उस की है करे जिस का ज़माना अफ़्सोस*
*यूँ तो दुनिया में सभी आए हैं मरने के लिए*


-महमूद रामपुरी




**जीवन कोई दौड़ नहीं, यह एक अद्भुत घटना है...**

- जग्गी वासुदेव

## ज्ञान-विज्ञान



# अमेरिका लॉन्च करेगा FOO Fighter सैटेलाइट

### इसकी नजर से नहीं बच पाएगी रूस, चीन, कोरिया की कोई मिसाइल

यूनाइटेड स्टेट्स स्पेस फोर्स (USSF) ने एडवांस मिसाइल डिफेंस कॉन्स्टीलेशन के लिए पहला सैटेलाइट बनाने का आदेश दे दिया है. अब स्पेस फोर्स की स्पेस डेवलपमेंट एजेंसी (SDA) इस सैटेलाइट को बनाने में लग गई है. यह एजेंसी ऐसा सैटेलाइट बनाएगी, जो अंतरिक्ष से दुनिया भर की हाइपरसोनिक मिसाइलों की उड़ान पर नजर रखेगी. एजेंसी ने कैलिफोर्निया की मिलेनियम स्पेस सिस्टम कंपनी को 414 मिलियन डॉलर यानी 3456 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट दिया है.

इस कंपनी को इतने पैसे में आठ सैटेलाइट्स बनाने हैं. इन सैटेलाइटस का नाम है Foo Fighter सैटेलाइट. यानी फायर-कंट्रोल ऑन ऑर्बिट-सपोर्ट-टू-द-वॉर फाइटर प्रोग्राम या F2 या FOO Fighter. इस सैटेलाइट के लॉन्च होने के बाद चीन, रूस, उत्तर कोरिया और अमेरिका के दुश्मन देश जानबूझकर तो हाइपरसोनिक या खतरनाक मिसाइलों का इस्तेमाल आसानी से नहीं कर पाएंगे. क्योंकि आठों सैटेलाइट्स अंतरिक्ष से ही दुनिया की सभी मिसाइल लॉन्चिंग पर तीखी नजर रखेंगी.

सैटेलाइट का काम होगा एडवांस मिसाइल थ्रेट्स को जांचना. यानी हर तरह की मिसाइल को खोजना, वॉर्निंग देना, ट्रैकिंग करना. इसमें हाइपरसोनिक मिसाइल भी शामिल है. क्योंकि ये मिसाइल ध्वनि की गति से पांच या 25 गुना तेज उड़ान भरती हैं. SDA को भरोसा है कि 2027 की पहली तिमाही में पहला सैटेलाइट अंतरिक्ष में तैनात हो जाएगा.

**किसी भी मिसाइल को ट्रैक कर सकेगा, वॉर्निंग दे पाएगा**

FOO Fighter प्रोग्राम के बारे में ज्यादा जानकारी शेयर तो नहीं की गई है लेकिन यह जरूर बताया है कि जरूरत पड़ने पर अंतरिक्ष से ही किसी भी मिसाइल को नष्ट करने की क्षमता भी होगी. यानी फायर कंट्रोल इन सपोर्ट मैकेनिज्म. इस सैटेलाइट में राडार और इंफ्रारेड सेंसर्स लगे होंगे, जो सीधे मिसाइल के कंप्यूटर या रेंज्ड वेपन को इंटरसेप्ट करेंगे. इससे मिसाइल की गति, दिशा और संभावित टारगेट का पता चलेगा.

**मिसाइल को सॉफ्ट किल तकनीक से निष्क्रिय कर सकते हैं**

इससे तुरंत टारगेट देश को सूचना देकर उससे मिसाइल बचाव प्रणाली एक्टिव करने को कहा जा सकता है. साथ ही अंतरिक्ष से ही इन मिसाइलों को रोकने का प्रयास किया जा सकता है. SDA के डायरेक्टर डेरेक टोर्नियर ने कहा कि ये सैटेलाइट्स प्रोलीफिरेटेड वॉरफाइटर स्पेस आर्किटेक्चर (PWSA) के तहत बनाए जा रहे हैं.

डेरेक ने बताया कि FOO Fighter सैटेलाइट अंतरिक्ष से ही मिसाइलों को ट्रैक करेंगे. मिसाइल वॉर्निंग देंगे. मिसाइल डिफेंस सिस्टम को एक्टिव करेंगे. इसलिए यह पूरी दुनिया को खतरों से बचाएंगे.

New Delhi

# जनता को हल्के में न लें रामदेव; सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा क्यों कहा, पतंजलि के खिलाफ भी सख्ती

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड से यह बताने को कहा कि 'क्या उसके उन 14 उत्पादों की बिक्री बंद हो गई है, जिनके उत्पादन लाइसेंस पिछले माह उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने निलंबित कर दिए थे। जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ के इन सवालों का जवाब देते हुए पतंजलि की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता बलबीर सिंह ने कहा कि उन सभी उत्पादों की बिक्री रोक दी है, जिनके बनाने के लाइसेंस को निलंबित कर दिया गया है। इसके बाद पीठ ने यह भी जानना चाहा कि 'क्या यह भी सही है कि आपके स्टॉकिस्टों ने इनका भंडारण करना और बेचना बंद कर दिया है?, आपको इसकी



जांच करनी होगी और हलफनामा दाखिल करना होगा। इसके बाद वरिष्ठ अधिवक्ता सिंह ने भी कहा कि वह इस बारे में हलफनामा दाखिल करेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंह ने पीठ को बताया कि पतंजलि ने उन सभी चैनलों को पत्र लिखा है, जहां इन उत्पादों के विज्ञापन दिखाए जा रहे थे। इसके बाद पीठ ने कहा कि आपके हलफनामे से बहुत फर्क पड़ेगा। पीठ ने साफ कर दिया कि पतंजलि के वकील की दलीलों पर भी गौर किया कि दायर किया जाने वाला प्रस्तावित हलफनामा उचित मंच के समक्ष इन उत्पादों के लाइसेंस के निलंबन के आदेश को चुनौती देने के उनके अधिकार और विवाद पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना है। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने कहा कि 'हमारी एकमात्र चिंता यह थी कि जनता को अच्छी तरह से सूचित किया जाना चाहिए।'

Maharashtra

# इंस्टाग्राम रील्स की मदद से 55 लाख की चोरी का खुलासा

### जेवर और महंगे कपड़े पहनकर वीडियो बनाने से पकड़ी गईं सगी बहनें

**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर रील की मदद से 55 लाख रुपए की चोरी का खुलासा किया है. पुलिस ने दो बहनों को गिरफ्तार किया है. दावा है कि दोनों बहनें यहां एक बुजुर्ग दंपती के घर में काम करती थीं. दोनों ने प्लान के तहत बुजुर्ग दंपति के घर से 55 लाख रुपये के जेवर, महंगे कपड़े और अन्य कीमती सामान चुरा लिया था. उसके बाद इन महंगे कपड़ों और जेवर को पहनकर रील्स बनाईं और सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर दिए. पुलिस ने रील्स की मदद से पूरे घटनाक्रम से पर्दा उठाया है.

कालाचौकी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि जिन दो बहनों को गिरफ्तार किया गया है, उनका नाम छाया वेटकोली (24) और भारती वेटकोली (21) है. दोनों ने कथित तौर पर चुराए गए जेवर और कपड़े पहनकर वीडियो बनाए और उन्हें इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया. इससे पहले दंपति ने घर से जेवर, कपड़े और विदेशी मुद्रा समेत नकदी गायब होने की शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस का कहना था कि बुजुर्ग दंपती के बयान दर्ज किए गए. दंपति ने बताया कि उनके घर में दो बहनें काम करती थीं. पुलिस ने दोनों के बारे में पता किया तो सामने आया कि दंपति की दोनों घरेलू सहायिकाएं अक्सर जेवर और महंगे कपड़े पहनकर रील्स अपलोड करती हैं. बुजुर्ग दंपति से महंगे कपड़ों और जेवर की पहचान करवाई गई, उसके बाद पुलिस की टीम ने दोनों बहनों की लोकेशन ट्रेस की तो वो रायगढ़ में पाई गईं. अधिकारी ने बताया कि दो दिन पहले दोनों आरोपी बहनों को रायगढ़ जिले से पकड़ा गया और उनके कब्जे से 55 लाख रुपये का कीमती सामान बरामद किया गया है.

Bihar

## यूट्यूबर और BJP नेता मनीष कश्यप फर्जी वीडियो मामले में बरी, सबूत न मिलने की वजह से मिली राहत

**पटना, (एजेंसी)** यूट्यूबर और बीजेपी नेता मनीष कश्यप फर्जी वीडियो बनाने के मामले में बरी हो गए हैं. पटना की सिविल कोर्ट ने सबूतों के अभाव में मनीष कश्यप समेत दो लोगों को बरी कर दिया है. फर्जी वीडियो को लेकर बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने केस दर्ज किया था. हाल ही में मनीष कश्यप मनोज तिवारी की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे. दरअसल तमिलनाडु में बिहार के मजदूरों के साथ मारपीट का कथित वीडियो मनीष कश्यप ने अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल से शेयर किया था, जो काफी वायरल हुआ था. ये वीडियो बनाकर मनीष कानून के जाल में बुरी तरह फंस गए. वीडियो वायरल होने के बाद तमिलनाडु पुलिस ने इसे भ्रामक बताते उनके खिलाफ केस दर्ज किया था. इसके अलावा बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (EOU) ने भी इसी मामले को लेकर मनीष कश्यप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी.

Bihar

# बिहार में 12 साल की बच्ची से हैवानियत, नशे का इंजेक्शन देकर चार दिनों तक गैंगरेप

**बेतिया, (एजेंसी)** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले से 12 साल की बच्ची से हैवानियत की वारदात सामने आई है। रक्सौल शहर में एक नाबालिग बच्ची का अपहरण कर उसके साथ चार दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, अन्य की तलाश जारी है। पीड़िता को आरोपियों ने नशे का इंजेक्शन देकर बेसुध कर दिया और फिर उसके साथ गैंगरेप किया गया।

जानकारी के मुताबिक पीड़िता की मां के बयान के आधार पर रक्सौल थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि 9 मई को शहर से बच्ची का अपहरण हुआ था। आरोपी उसे आईसीपी बायपास स्थित फ्लावर मिल की सुनसान जगह पर ले गए। फिर उसे नशे का इंजेक्शन दे दे कर अलग-अलग जगहों पर ले जाकर गैंगरेप करते रहे।

इस दौरान पीड़िता ने चीख-चीख कर आरोपियों के सामने गिड़गिड़ाती रही। होश आने पर वह विरोध करने लगती तो बदमाश उसे इंजेक्शन देकर फिर से बेहोश कर देते। आरोपियों ने चार दिनों तक पीड़िता के साथ गलत काम किया।

इस घटना का भंडाफोड़ रविवार शाम को हुआ। आरोपियों ने फोन कर पीड़िता के घर वालों को लड़की के रामगढ़वा में होने की जानकारी दी। साथ ही उन्हें धमकी दी गई कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो बुरा अंजाम होगा। घर वाले डर सहमे रामगढ़वा पहुंचे और निर्धारित स्थान से बच्ची को खून से लथपथ हालत में पाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस गिरफ्तार एक आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की छानबीन में जुटी है।

खेल

# राहुल द्रविड़ की जगह ये दिग्गज बनेगा टीम इंडिया का हेड कोच? धोनी के 'गुरु' पर है BCCI की नजर

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को टीम इंडिया के लिए नए हेड कोच की तलाश है। बीसीसीआई ने आधिकारिक तौर पर सोमवार देर रात उम्मीदवारों के लिए विज्ञापन जारी किया। उम्मीदवार 27 मई तक आवेदन कर सकते हैं। राहुल द्रविड़ फिलहाल हेड कोच हैं। उनका कार्यकाल जून में समाप्त होने जा रहा है। द्रविड़ का आखिरी असाइनमेंट टी20 वर्ल्ड कप 2024 है। द्रविड़ अगर पद के लिए फिर से अप्लाई नहीं करते हैं तो बीसीसीआई के सामने कई विकल्प होंगे। एमएस धोनी के 'गुरु' यानी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग भी सीनियर मेंस टीम के हेड कोच बन सकते हैं। बीसीसीआई न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान फ्लेमिंग के नाम पर विचार कर रहा है।**



इंडियन एक्सप्रेस ने मंगलवार को सुत्रों के हवाले से बताया कि बीसीसीआई फ्लेमिंग को द्रविड़ की जगह जिम्मेदारी संभालने के लिए उपयुक्त उम्मीदवार के रूप में देख रहा है। भारतीय टीम के अगले कुछ वर्षों में सभी प्रारूपों में परिवर्तन के दौर से गुजरने की संभावना है और ऐसे में फ्लेमिंग का कोचिंग का लंबा अनुभव फायदेमंद साबित हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, आईपीएल के दौरान अनौपचारिक चर्चा पहले ही हो चुकी है। हालांकि, 51 वर्षीय फ्लेमिंग ने फ्रेंचाइजी छोड़ने की इच्छा के बारे में सीएसके मैनेजमेंट से बात नहीं की है। फ्लेमिंग साल 2009 में सीएसके के हेड कोच बने थे।

उन्होंने दुनियाभर की अलग-अलग लीग में कोचिंग दी है। वह चार साल तक बिग बैश में मेलबर्न स्टार्स को कोच रहे हैं। फ्लेमिंग एसए20 में जॉबर्ग सुपर किंग्स और मेजर लीग क्रिकेट में टेक्सास सुपर किंग्स के मुख्य कोच हैं। यह दोनों सीएसके की सिस्टर फ्रेंचाइजी हैं। वह द हंड्रेड में साउदर्न ब्रेव के हेड कोच हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 111 टेस्ट (7172 रन), 280 वनडे (8037 रन) और पांच टी20 इंटरनेशनल मैच (110 रन) खेले हैं। गौरतलब है कि भारत के नए हेड कोच का कार्यकाल साढ़े तीन साल का होगा, जो वनडे वर्ल्ड कप 2027 के बाद समाप्त होगा।

नया कोच एक जुलाई 2024 से 31 दिसंबर 2027 तक जिम्मेदारी संभालेगा। इस दौरान चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और टी20 वर्ल्ड कप 2026 का भी आयोजन होगा। हेड कोच बनने के लिए कम से कम 30 टेस्ट या 50 वनडे मैच खेलने का अनुभव होना चाहिए। या फिर कम से कम 2 साल तक फुल मेंबर टेस्ट प्लेइंग नेशनल का हेड कोच रहा हो। इसके अलावा, एसोसिएट मेंबर टीम/आईपीएल टीम या ऐसी किसी बड़ी लीग या फर्स्ट क्लास टीम या फिर नेशनल ए टीम का कम से कम 3 साल तक कोच रहा हो। कैंडिडेट की उम्र 60 साल से कम होनी चाहिए।

सिनेमा

# राखी सावंत को क्या हुआ? सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल, फैंस परेशान



राखी सावंत को लेकर एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है. बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस की अचानक तबियत खराब होने के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. कई दिनों से राखी सुर्खियों में अलग-अलग कारणों से बनी हुई हैं. कुछ वक्त पहले ही वो दुबई से मुंबई वापस लौटी हैं. अब एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिनमें उन्हें अस्पताल के बेड पर देखा जा सकता है. उनकी आंखें बंद हैं और डॉक्टर उनका ख्याल रखा रहे हैं. जानकारी के मुताबिक, राखी सावंत दिल की गंभीर बीमारी का सामना कर रही हैं. इसी की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. उन्हें असल में क्या दिक्कत हुई है इसका खुलासा अभी नहीं हुआ है. टाइम्स नाउ की रिपोर्ट के मुताबिक, एक्ट्रेस से कॉन्टैक्ट करने की कोशिश की गई थी. राखी ने बातचीत में बताया है कि उन्हें हार्ट प्रॉब्लम हुई है. अभी वो बात नहीं कर सकतीं. मुझे 5-6 दिनों तक आराम की जरूरत है. राखी ने कहा कि उन्हें प्राइवसी और टाइम की जरूरत है. उन्होंने ये नहीं बताया है कि वो कौन-से अस्पताल में भर्ती हैं. हालांकि अभी एक्ट्रेस के परिवार ने उनकी बीमारी को लेकर किसी भी तरह की आधिकारिक जानकारी नहीं दी है.

## Highlights

1. **Be brave, speak up: NCW chief to Swati Maliwal on assault incident**
2. **Traffic restrictions in Mumbai from 2 pm-10 pm for PM's roadshow**
3. **6 dead as bus catches fire after colliding with truck in Andhra**
4. **Countries that go to court to decide elections give us gyan: S Jaishankar**
5. **A forgotten packet of Kurkure led to a woman's divorce in Agra**

# Ilya Sutskever is leaving OpenAI: 10 points on the man behind Sam Altman's ouster

**NEW DEIHI, (Agency).** OpenAI co-founder Ilya Sutskever announced his departure after almost a decade at the startup. On X (formerly Twitter), he said that OpenAI's "trajectory has been nothing short of miraculous" while sharing his decision to exit. He wrote, "After almost a decade, I have made the decision to leave OpenAI. The company's trajectory has been nothing short of miraculous, and I'm confident that OpenAI will build AGI that is both safe and beneficial under the leadership of @sama, @gdb, @ miramurati and now, under the excellent research leadership of @merettm."

He added that it was an "honour and a privilege" to work with the OpenAI colleagues, saying, "I will miss everyone dearly. So



long, and thanks for everything. I am excited for what comes next — a project that is very personally meaningful to me about which I will share details in due time."

Here are top points on Ilya Sutskever who is leaving OpenAI:

Ilya Sutskever sat on the board that voted to remove CEO and fellow co-founder Sam Altman in November last year.

Following the ousting, the OpenAI board hiring Sam Altman back a few days later after a rebellion by staff and investors.

After this, Ilya Sutskever's position on the board was not renewed although he remained in his position at OpenAI.

At the time, Ilya Sutskever issued a public apology for his role and said, "I deeply regret my participation in the board's actions. I never intended to harm OpenAI. I love everything we've built together and I will do everything I can to reunite the company."

# Thermax share price rises 14% to hit record high, stock up 144% in 1 year

**NEW DEIHI, (Agency).** Thermax share price: The shares of Thermax rose 14 per cent to hit its fresh record high of ₹5,347 in early trade on BSE following the company's March quarter (Q4) results. The company's share price opened at ₹4,725 against its previous close of ₹4,692.45. It then jumped 14 per cent to its all-time high of 5,347.15.

Thermax shares in one year

Over the past one year, the stock has seen an upward trend. It hit its 52-week low of ₹2,192.70 on the



BSE on May 19 last year. Thermax share price has surged 144 per cent in about a year.

The company reported over 20 per cent rise in its consolidated net profit at ₹188 crore in the March 2024 quarter. It posted a profit after tax of ₹156 crore in the corresponding period of the preceding fiscal year. Consolidated income during the quarter under review rose to ₹2,818.93 crore from ₹2,368.31 crore in the year-ago period. The board recommended a dividend of ₹12 per share for 2023-24.

# पुलिस पर गोली चलाने वाले शूटरों पर जानलेवा हमले का केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आजाद नगर इलाके में मोइन नामक युवक की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी बीच मंगलवार की रात दो शूटरों के कनाडिय़ा इलाके में होने का पता चला तो पुलिस ने इनकी घेराबंदी की और सरेंडर का कहा, लेकिन बदमाशों ने फायर कर दिए। इस पर पुलिस ने भी अपने बचाव में गोली चलाते शार्ट एनकाउंटर किया, जिसमें एक शूटर के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि उसका दूसरा साथी भी मौके से पकड़ा गया। घायल को रात में ही एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में पुलिस ने दोनों शूटरों पर जानलेवा हमले का केस दर्ज किया है।**

घटना कनाड़िा इलाके में अग्रवाल स्कूल के पीछे स्कीम नंबर 140 में मंगलवा की रात करीब साढ़े नौ बजे की है। पुलिस ने शाकिर पिता जाकिर के पैर में गोली मारकर उसे गिरफ्तार किया है। उसने अपने साथी केस ाथ मिलकर दो दिन पहले आजाद नगर इलाके मोइन खान की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक मोइन कक्षा 12वीं का छात्र था।

मोइन को आजाद नगर में नूरानी मस्जिद के पास गोली मारी गई थी। जांच में पुलिस को पता चला था कि उसकी हत्या में आरिफ निवासी स्काय अपार्टमेंट स्नेहलतागंज, नाहीद जाटू निवासी खजराना, युसुफ अंसारी निवासी बड़वाली चौकी और वसीम निवासी खंडवा शामिल हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी, इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि हत्याकांड में शामिल दोनों शूटर इलाके में देखे गए हैं। इस प पुलिस ने स्कीम नंबर 140 में दोनों को पकडऩे के लिए घेराबंदी की तो मुठभेड़ हो गई, जिसमें मुख्य शूटर शाकिर उर्फ भईया पिता जाकिर अली (22) निवासी चंदन नगर गोली लगने से घायल हुआ है। जिसे आजाद नगर पुलिस उपचार के लिए एमवाय अस्पताल लेकर पहुंची। दूसरे शूटर अमन शाह को भी भागने में मामूली चोटें आई है।

घायलों के एमवाय अस्पताल पहुंचते ही एडिशनल सीपी अमित सिंह, डीसीपी विनोद कुमार मीणा, एसीपी आशीष पटेल, टीआई आजाद नगर नीरज कुमार मेढ़ा अस्पताल पहुंचे। बताया जाता है कि आजाद नगर टीआई को मोइन की हत्या के मामले में दोनों शूटरों की जानकारी मिली थी कि वे स्कीम नंबर 140 में हैं। इस पर पुलिस की टीम उन्हें पकडऩे के लिए पहुंची थी। बताते हैं आरोपियों के पास से पुलिस ने पिस्टल भी बरामद की है। वहीं यह भी पता चला है कि लाखों रुपए की सुपारी लेकर इन्होंने हत्या की थी।

### टीआई के कान के पास से निकल गोली

दोनों बदमाश बाइक पर सवार होकर आए थे। पुलिस ने जैसे ही उन्हें समर्पण का कहा तो वे भागने लगे। इस दौरान अमन बाइक चला रहा था, जबकि शाकिर ने पुलिस पर तीन फायर किए। एक गोली टीआई के कान के पास से निकली। इस पर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए शार्ट एनकाउंटर कर दिया।

# बुजुर्ग को पीट-पीटकर मार डाला

## घायल होने पर कराया था भर्ती, उपचार के दौरान तोड़ा दम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। संयोगितागंज इलाके में एक बुजुर्ग की एमवाय अस्पताल में मौत हो गई। बताया जाता है कि 12 मई की रात 3 बजे उसे परिचित महिला ने मारपीट होने के चलते एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां देर रात उसकी मौत हो गई।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक मनोहर (60) पुत्र बाबूराव निवासी केएचई कंपाउंड है। उसे परिचित अनिता ने 12 मई की रात मारपीट में घायल होने के चलते एमवाय में भर्ती कराया था। मनोहर के शरीर पर चोट के निशान थे। इसके बाद उन्हें होश नहीं आया। मंगलवार रात में मनोहर ने दम तोड़ दिया। पुलिस से जानकारी के मुताबिक घटना छोटी ग्वालटोली इलाके की है। यहां करण नाम के लडक़े ने देर रात बीडी पीने के लिये बुजुर्ग से मांगी थी। बुजुर्ग के इनकार करने पर आरोपी ने उसके सिर पर डंडा मार दिया और भाग गया। इस दौरान घायल बुजुर्ग को एमवाय में उपचार के लिये भेजा गया था।

# 8 साल की मासूम से हरकत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। चदंन नगर में छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। यहां एक 8 साल की बच्ची को बुजुर्ग ने अपना शिकार बना लिया। वह बुजुर्ग की पोती के साथ खेलने पहुंची थी। इस दौरान पोती घर पर नही थी। तब बुजुर्ग ने अंदर से दरवाजा बंद कर उसके साथ गलत हरकत कर दी। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली एक 8 साल की बच्ची की शिकायत पर उसके पड़ोस में रहने वाले देवीलाल नाम के बुजुर्ग के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि उसकी बेटी अपने 5 साल के भाई के साथ बाहर ओटले पर बैठी हुई थी। पांच मिनट के लिये मां घर के अंदर से काम के लिए गई तो बेटी वापस आने पर नही दिखी। बेटे से पूछा तो उसने देवीलाल के घर की तरफ जाने का इशारा किया। कुछ देर बाद वह देवीलाल के घर पर पहुंची तो बेटी की चप्पल बाहर पड़ी थी। वही देवीलाल के घर का दरवाजा बंद था। मां ने दरवाजा बजाया तो देवीलाल ने काफी देर बाद उसे खोला। बेटी रो रही थी। बेटी से बात की उसने बताया कि वह देवीलाल की पोती के साथ खेलने के लिये आई थी। दादा ने कहां कि वह नही है शादी में गई है। इसके बाद अंदर से दरवाजा बंद कर लिया चाय पीने के लिये दी। फिर कपड़े उताकर गंदी हरकत करने लगे। जाने के लिये कहां तो जबदस्ती पकडक़र कर अपने पास बैठाए रखा। बच्ची की मां ने अपने पति को कॉल किया। तब देवीलाल घर पर ताला लगाकर भाग गया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## कार चालक को पीटा

**इंदौर।** एक युवक के साथ में मारपीट हो गई। बताया जाता है कि गाड़ी गिर जाने पर उनके बीच में विवाद हो गया था। अर्जुन सोहनी पिता नानूराम सोहनी (27) निवासी कृष्णबाग कॉलोनी की शिकायक पर एमआईजी पुलिस ने कमल सक्सेना, शुभम और अभिमन्यु के खिलाफ केस दर्ज किया है। अर्जुन ने पुलिस को बताया कि वह अपनी कार को लेकर जा रहा था। गाड़ी को रिवर्स लेते समय आरोपी कमल सक्सेना की स्कूटर गिर गई। इस पर आरोपी उनसे विवाद करने लगे। उनके साथ में मारपीट कर दी। जब भाई-भाभी बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

## घायल दंपति की मंत्री सिलावट ने खुद की कार से अस्पताल भेजा

**इंदौर।** इंदौर-उज्जैन रोड पर हादसे में घायल दंपती को मंत्री तुलसीराम सिलावट ने अपनी कार से अस्पताल भेजा। बाइक सवार दंपती कार की टक्कर लगने से घायल हो गए थे। इस बीच मंत्री सिलावट उसी रास्ते से इंदौर आ रहे थे। उन्होंने घायल दंपती को अपनी कार में बैठाकर उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया। सिलावट ने कहा कि वे सोमवार को जब सांवेर में वोट डालकर लौट रहे थे तभी रास्ते में दोनों घायल मिले। दोनों को गंभीर घायल देख मंत्री ने कार रुकवाई और उन्हें उपचार के लिए अरविंदो अस्पताल भेजा। घटना दोपहर 3 बजे सोमवार की है। इसका वीडियो मंगलवार को वायरल हुआ है।

# नाबालिग पर हमला, बचाने आया दोस्त भी घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। परदेशीपुरा इलाके में नशे में धुत तीन आरोपियों ने एक किशोर पर गाड़ी चोरी का आरोप लगाया और धारदार हथियार से हमलाकर घायल कर दिया। उसे बचाने के दौरान हमले में उसका दोस्त भी घायल हो गया। पुलिस ने एक घायल की रिपोर्ट पर आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक घायलों के नाम अनुज उर्फ छोटू पिता सत्यनारायण चौहान (17) निवासी सर्वहारा नगर और राधे उर्फ गौरव (16) है। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी आकाश, हिमांशु और देवेन्द्र पर केस दर्ज किया है। घटना सर्वहारा नगर में कल रात को हुई। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मुझे दोस्त के घर के पास आरोपी नशे की हालत में मिले। एक ने कहा कि तूने मेरी गाड़ी चोरी की है।

मैंने कहा कि तुम्हारी गाड़ी के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं। तुम झूठा इल्जाम क्यों लगा रहे हो। इस पर आरोपियों ने गालियां दी और नुकीले हथियार से मुझ पर वार कर दिए। मुझे कान, सिर और पैर में चोट लगकर खून निकलने लगा। मैंने बचने के लिए अपने दोस्त राद्ये को आवाज लगाई तो दोस्त व उसकी मां बचाने आए। इस पर आरोपियों ने मेरे दोस्त पर भी वार कर घायल कर दिया और भाग गए।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक